## एंटिबायोटिक्स लेने से एंटिबायोटिक प्रतिरोध कैसे पैदा होता है?

**जब भी एंटिबायोटिक्स का उपयोग किया जाता है, तो हमारे शरीर पर रहने वाले हानिरहित जीवाणुओं में इन एंटिबायोटिक्स के लिए प्रतिरोध पैदा हो सकता है। जब जीवाणुओं में विभिन्न प्रकार की एंटिबायोटिक्स के लिए प्रतिरोध विकसित हो जाता है, तो उन्हें बहु-प्रतिरोधी जीवाणु या 'सुपरबग्स' कहा जाता है।**

सुपरबग्स के कारण होने वाले संक्रमण का इलाज करना अधिक कठिन होता है या इसका उपचार नहीं भी हो सकता है। सुपरबग्स के कारण ऐसे संक्रमण हो सकते हैं, जिनका उपचार:

- केवल प्रबल एंटिबायोटिक्स के साथ ही किया जा सकता है, जिनके और भी अधिक पक्ष-प्रभाव और खतरे होते हैं
- केवल इंजेक्शन एंटिबायोटिक्स के साथ ही किया जा सकता है
- किसी भी प्रभावी एंटिबायोटिक से नहीं किया जा सकता है।

कुछ प्रतिरोधी जीवाणु वृद्ध देखभाल गृह के दूसरे निवासियों में भी फैल सकते हैं।

## मुख्य संदेश

- एंटिबायोटिक्स बहुमूल्य और प्रबल दवाइयाँ होती हैं
- एंटिबायोटिक्स के कारण पक्ष-प्रभाव हो सकते हैं और वृद्ध लोगों के लिए इसका अधिक खतरा रहता है
- कुछ संक्रमण एंटिबायोटिक्स के बिना ही बेहतर हो जाते हैं
- जीवाणुओं में एंटिबायोटिक प्रतिरोध का मतलब है कि संभावित रूप से कुछ एंटिबायोटिक्स भविष्य में कारगर नहीं हो सकती हैं।

## अगर मेरे पास एंटिबायोटिक्स के बारे में प्रश्न हैं, तो क्या करें?

**यदि आपके पास अपनी एंटिबायोटिक्स के बारे में कोई प्रश्न हैं, तो अपने वृद्ध देखभाल गृह के कर्मचारियों और डॉक्टर से बात करें। यह पूछें:**

- यह कौन सी एंटिबायोटिक है? इसे किस समस्या के लिए दिया जा रहा है?
- क्या एंटिबायोटिक्स के बिना मेरी स्थिति बेहतर हो सकती है?
- क्या आपने संक्रमण के निदान में मदद के लिए कोई परीक्षण किए हैं? परिणाम कब उपलब्ध होंगे?
- क्या कोई अन्य उपचार और देखभाल की सलाह दी जाती है?
- इस एंटिबायोटिक के खतरे या पक्ष-प्रभाव क्या हैं?
- मुझे यह एंटिबायोटिक कितने समय तक लेनी होगी?
- क्या मेरे लिए एंटिबायोटिक लेने के तरीके के बारे में कोई निर्देश हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह अच्छी तरह से काम कर रही है? (कुछ एंटिबायोटिक्स भोजन के साथ, या खाली पेट पर, या अन्य दवाइयों से अलग लिए जाने पर सबसे अच्छी तरह से काम करती हैं)
- क्या मेरी अन्य दवाइयों के साथ इसकी परस्पर-क्रिया होगी? (उदाहरण के लिए, कुछ एंटिबायोटिक्स वॉरफरिन जैसी रक्त पतला करने वाली दवाइयों के साथ परस्पर-क्रिया कर सकती हैं)
- आपको कैसे पता चलेगा कि एंटिबायोटिक मेरे संक्रमण के लिए काम कर रही है?

आप सलाह दी गई किसी भी एंटिबायोटिक के बारे में लिखित जानकारी के लिए अपने वृद्ध देखभाल गृह के कर्मचारियों या डॉक्टर से पूछ सकते/सकती हैं।


Australian Government

Aged Care Quality and Safety Commission

Engage
*Empower*
**Safeguard**




# क्या आपको एंटिबायोटिक्स की आवश्यकता है?

वृद्ध देखभाल निवासियों और उनके परिवारों, देखभालकर्ताओं और प्रतिनिधियों के लिए एंटिबायोटिक्स के बारे में जानकारी।

**1800 951 822**
agedcarequality.gov.au

**एंटिबायोटिक दवाइयों का बेहतर उपयोग**

## एंटिबायोटिक्स आपके लिए महत्वपूर्ण क्यों हैं?

**एंटिबायोटिक्स कीमती और प्रबल दवाइयाँ होती हैं - और उनका उपयोग केवल विशिष्ट उद्देश्यों के लिए ही किया जाना चाहिए।**

ये कई जीवाणु संक्रमणों, जैसे मूत्र पथ, त्वचा और श्वसन तंत्र में संक्रमण के प्रति सहायक हो सकती हैं। ये सेप्सिस जैसे गंभीर संक्रमणों में भी जीवन की रक्षा कर सकती हैं।

जब एंटिबायोटिक्स की आवश्यकता होती है, तो उनसे मिलने वाले लाभ पक्ष-प्रभावों और एंटिबायोटिक प्रतिरोध के खतरों से बढ़कर होते हैं।

लेकिन एंटिबायोटिक्स की **हमेशा आवश्यकता नहीं होती है।** जब उनकी आवश्यकता नहीं होती है, तो वे आपकी सहायता नहीं करेंगी, और पक्ष-प्रभाव अभी भी नुकसान पहुंचा सकते हैं तथा एंटिबायोटिक प्रतिरोध में योगदान दे सकते हैं।

## एंटिबायोटिक्स से कौन से उपचार नहीं किए जाते हैं?

- ऊपरी श्वसन पथ के कई संक्रमण, जो वायरस के कारण होते हैं
- कुछ जीवाणु संक्रमण, जो एंटिबायोटिक्स के बिना भी जल्दी बेहतर हो जाते हैं। इनके उदाहरण हैं: ब्रोंकाइटिस, साइनस और कान में संक्रमण
- उन समस्याओं में हानिरहित जीवाणु, जहां संक्रमण के कोई लक्षण या संकेत नहीं होते हैं। इनके उदाहरण हैं: लक्षणहीन बैक्टीरियूरिया (मूत्र में डिपस्टिक या मूत्र कल्चर के माध्यम से पाए गए हानिरहित जीवाणु), या त्वचा पर असंक्रमित घाव
- यदि इनका उपयोग संक्रमण की रोकथाम (प्रोफाइलैक्सिस) के लिए किया जाता है। इसके उदाहरण हैं: महीनों तक उपयोग की जाने वाली त्वचा एंटिफंगल क्रीम, या मुंह से सेवन की जाने वाली एंटिबायोटिक्स जो केवल संक्रमण की संभावना के लिए शुरू की जाती हैं, लेकिन इनका उपयोग महीनों तक या कभी-कभी वर्षों तक किया जा सकता है।

## एंटिबायोटिक्स के संभावित पक्ष-प्रभाव और जोखिम क्या हैं?

**एंटिबायोटिक्स के पक्ष-प्रभाव आम रूप से होते हैं, और वृद्धजनों के लिए अधिक जोखिम रहता है। सामान्य पक्ष-प्रभाव हैं:**

- भूख न लगना/खाने-पीने में कमी
- मतली
- दस्त
- यीस्ट संक्रमण, जैसे थ्रश
- त्वचा पर चकत्ते

**एंटिबायोटिक्स से अन्य, कभी-कभी अधिक गंभीर पक्ष-प्रभाव और जोखिम भी हो सकते हैं:**

- प्राणघातक एलर्जिक प्रतिक्रियाएँ
- एंटिबायोटिक्स और अन्य दवाइयों के बीच परस्पर-क्रियाएँ
- एंटिबायोटिक प्रतिरोधी जीवाणु संक्रमण, क्योंकि एंटिबायोटिक के संपर्क में आने से जीवाणुओं को (जिनमें हानिरहित जीवाणु भी शामिल हैं) आपके शरीर में अनुकूलन करने की अनुमति मिल सकती है, ताकि वे फिर उस एंटिबायोटिक द्वारा नष्ट न हो पाएँ
- C. difficile (या C. diff) संक्रमण, जो एक जठरांत्र संबंधी रोग है, तब होता है जब आपकी आंत में उपयोगी जीवाणु एंटिबायोटिक्स से नष्ट हो जाते हैं। C. diff संक्रमण के कारण पेट दर्द, मतली और दस्त होते हैं। इसके कारण आंत में गंभीर नुकसान हो सकता है और यह अन्य लोगों में फैल सकता है। एंटिबायोटिक्स समाप्त करने के बाद भी C. diff संक्रमण का खतरा महीनों तक बना रहता है।

**पांच में से एक नुस्खा संक्रमण रोकथाम के लिए होता है, और इनमें से कई नुस्खे अनावश्यक भी हो सकते हैं।**

**दस में से सात निवासियों को किसी एक वर्ष में एक या इससे अधिक एंटिबायोटिक कोर्स दिए जाते हैं। इनमें से कुछ कोर्स अनावश्यक भी हो सकते हैं। यदि डॉक्टर आपको एंटिबायोटिक देने की योजना बना रहा है, तो उन्हें पहले यह समझाने के लिए कहें कि यह क्यों है।**

## मैं स्वस्थ कैसे रह सकता/सकती हूँ?

**आप स्वस्थ रह सकते/सकती हैं और दूसरों को भी स्वस्थ रख सकते/सकती हैं:**

- टॉयलेट जाने के बाद अपने हाथों को साबुन और पानी से धोकर और दूसरों को छूने या खाने से पहले बार-बार एल्कोहल-आधारित हैंडरब का उपयोग करके हाथों को स्वच्छ रखना
- स्वास्थ्य पेशेवरों और मिलने आने वालों को आपको छूने या आपके घाव की देखभाल करने से पहले अपने हाथों को साफ करने पर जोर देना
- कीटाणुओं का फैलाव रोकने के लिए खांसते समय नाक-मुंह ढकना
- जब परिवार या दोस्त बीमार महसूस करें, तो उन्हें न आने के लिए कहना
- बीमार होने पर अपने कमरे के अंदर रहना
- फ्लू, कोविड-19 और निमोनिया के टीके लगवा कर और अपने आस-पास मौजूद दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करके खुद को सुरक्षित रखना।

इस बारे में और अधिक जानकारी के लिए अपने वृद्ध देखभाल गृह के कर्मचारियों और डॉक्टर से बात करें।

**आज एंटिबायोटिक्स का स्मार्ट उपयोग करने से यह सुनिश्चित होता है कि एंटिबायोटिक्स कल भी काम करेंगी।**